संक्षिप्त

साइबर धोखाधडी मामले में आरोपी गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला डीएसटी प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम एवं थाना अलीगढ़ पुलिस टीम ने 8-10 लाख रूपये की ऑनलाईन ठगी करने वाले साइबर अपराधी को डिटेन किया। कार्यवाही में सामने आया कि आरोपी एक होटल में बैठकर अपने मोबाईल से साईबर ठगी का काम कर रहा था, जिसके विरूद्ध प्राथमिकी जांच में अब तक 9 ऑनलाईन साइबर धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज होना पाया गया है। आरोपी चन्द्रेश मीना पुत्र हंसराज मीना, उम्र 30 साल निवासी उदयपुरिया थाना उनियारा को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है, जिससे साईबर अपराधो के खुलने की संभावना है। आरोपी कई सोशल मिडिया चेनल के माध्यम से आमजन को लालच दिखाकर साइबर ठगी करता था, जो जिले के अलावा दिल्ली, गुजरात सहित कई राज्यों के व्यक्तियों को झांसे में लेकर उनके साथ ऑनलाईन साइबर धोखाधड़ी का कार्य करता था। आरोपी के कब्जे से एक स्मार्ट फोन जप्त किया गया है।

युवा महोत्सव आयोजित

टोंक। मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कोहना में जिला स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव आयोजित किया गया। इस आयोजन में 15 से 29 साल के कुल 1277 युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें अधिकांश प्रतिभागी स्कूलों से थे। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व विधायक और पूर्व बीजेपी जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को मंच देते हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मेहता ने कहा कि मंच पर बच्चों ने लोक नृत्य, गीत और पारंपरिक कला की शानदार प्रस्तुति दी, इससे युवाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर को नई पहचान मिलती है। यह कार्यक्रम राज्य सरकार के दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों पर राजस्थान युवा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत टोंक मुख्यालय पर यह कार्यक्रम आयोजित कर कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें चित्रकला, विज्ञान मेला, कविता व कहानी लेखन, भाषण, हस्तकला व वस्त्र कला, फड़ व भित्ति चित्र और कृषि आधारित मांडना कला इत्यादि है। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी संभाग स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

'यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित करें'

टोंक। जिला कलेक्टर कल्पना अर्ग्रवाल ने कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया है कि टोंक जिले में यूरिया एवं उर्वरकों की किसानों में सतत आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने उर्वरकों का वितरण पूर्ण पारदर्शिता के साथ करने तथा जमाखोरी और कालाबाजारी पर विभागीय अधिकारियों को मुस्तैदी से नजर रखने के निर्देश दिए। साथ ही इस कार्य में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने बुधवार को कलेक्टर कक्ष में जिला स्तरीय फर्टिलाइजर वितरण टास्क फोर्स एवं धरती माता बचाओं अभियान की जिला स्तरीय समिति की बैठक ली। इस दौरान कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेन्द्र सिंह सौंलकी, उद्यान विभाग के सहायक निदेशक चन्द्र प्रकाश बडाया, इफकों के डीएफएम शशि कुमार, चम्बल फर्टिलाइजर के डिप्टी मैनेजर पंकज राय, पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा समेत कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहें। संयुक्त निदेशक ने बताया कि जिले में उर्वरकों के वितरण की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। किसी विक्रेता के यहां कृषकों की संख्या अधिक होने पर कृषकों को पंक्तिबद्ध किया जाकर उनकी देखरेख में उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

शैक्षिणक विजिट से छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा : गिरिराज गुर्जर

निवाई। पीएम श्रीराजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने ट्यूनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम के तहत पीएम श्री केंद्रीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली का शैक्षिणक विजिट किया। प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने बताया कि इस विजिट का मुख्य उद्देश्य दोनों विद्यालयों के बीच शैक्षिणक व सह-शैक्षिणक गतिविधियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। छात्रों ने पीएम श्री केंद्रीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय व स्मार्ट कक्षाओं का अवलोकन किया। उन्होंने वहां की शैक्षिणक गतिविधियों, नवाचारों और पीएम श्री योजना के तहत संचालित विशेष कार्यक्रमों को करीब से जाना। उन्होंने बताया कि

ट्यूनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अन्य श्रेष्ठ विद्यालयों के वातावरण और पद्धितयों को जानने का अवसर मिला है। यह उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस दौरान दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेल गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनके बीच सौहार्द और टीम भावना का विकास हुआ। शैक्षिणक विजिट में छात्रों ने विज्ञान और गणित प्रयोगशाला का प्रदर्शन और उपकरण संचालन की जानकारी ली। नवीनतम पुस्तकों और डिजिटल संसाधनों का परिचय लिया।

पीएम श्री केंद्रीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली में छात्रों ने शैक्षिणक गतिविधियों की जानकारी ली।

- **पीएम श्री विद्यालय निवाई के विद्यार्थियों ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय देवली का शैक्षिणक भ्रमण किया**

छात्रों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों, पेंटिंग का अवलोकन किया। पीएम श्री केंद्रीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, देवली के प्रधानाचार्य नवरत्न मित्तल ने विद्यार्थियों को पीएम श्री योजना के उद्देश्यों और शिक्षा के महत्व पर मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। मुख्य अध्यापक धर्मराज मीणा ने विद्यालय के बारे में जानकारी दी। इस विजिट में विद्यालय के 25 विद्यार्थी व 9 शिक्षकों ने भाग लिया।

यूरिया के लिए किसानों की भीड़

पावटा। फसलों के लिए आवश्यक यूरिया खाद को लेने के लिए बड़ी संख्या में किसान टोरडा सहकारी समिति में पहुंचे। सर्दी ने किसानों की परेशानी ओर बढ़ा दी है। ग्राम टोरडा स्थित सहकारी समिति पर यूरिया खाद लेने के लिए किसानों की सुबह से ही लंबी कतारें लग गईं, यूरिया खाद की सीमित आपूर्ति और अत्यधिक मांग के चलते किसानों को घंटों ठंड में खाद के लिए इंतजार करना पड़ा। सुबह से ही लगी किसानों की लंबी कतारें प्रबंधन के लिए चुनौती बन गईं। कृषि अधिकारी जयप्रकाश व सोहनलाल ने बताया कि टोरडा सहकारी समिति में कुल 600 यूरिया के कट्टे उपलब्ध हुए थे, जिन्हें 2 घंटे के अंदर किसानों को वितरित किया गया। वही अभी 2000 कट्टों की और आवश्यकता है। समिति की देखरेख में वितरण प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। किसानों की संख्या अधिक होने के कारण आपूर्ति के दौरान किसानों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं किसानों ने मांग की है कि रबी की फसल को देखते हुए यूरिया की आपूर्ति को बढ़ाया जाए, ताकि उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े। यूरिया खाद की मांग अधिक होने के कारण वहां आई एक गाड़ी मात्र दो घंटे में खाली हो गई। कई किसानों को खाद नहीं मिल सका और उन्हें मायूस होकर खाली हाथ लौटना पड़ा।

योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील

- **आंतेला के ग्राम नीलका में वाटरशेड महोत्सव का आयोजन**
- **कार्यक्रम में विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी दी, विभिन्न स्टॉल्स एवं प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन**

पावटा। जलग्रहण विकास एवं भूसंरक्षण विभाग द्वारा मंगलवार को विराटनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत आँतेला के ग्राम नीलका में विकसित चारागाह विकास कार्य घर में वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया गया। विधायक विराटनगर कुलदीप धनखड़ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक धनखड़ ने ग्रामवासियों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की एवं जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग द्वारा किये गये कार्य सराहना करते हुए चारागाह विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

उन्होंने इस दौरान वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आँतेला के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फैरी का आयोजन किया गया। बालक-बालिकाओं द्वारा निबंध व रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया। विभाग से अधीक्षण अभियंता हरिमोहन बैरवा ने विभागीय परियोजना प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

उन्होंने बताया कि पीएमकेएसवाई 2.0 योजनान्तर्गत ब्लॉक विराटनगर में कुल 354 कार्य करवाए गए है जिनमें ईसीडी निर्माण, अमृत सरोवर, तालाब रिनोवेशन, एनिकट, फार्मपॉण्ड, एमपीटी, पीटी, रिचार्ज शाफ्ट, सबसरफेस बैरियर व अन्य गतिविधियाँ शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त 2000 से अधिक जलठाहण निवासियों को बाजरा, गेहू, मटर प्रदर्शन, चाफ कट्टर मशीन, स्प्रे मशीन व रेनगन से लाभांवित किया जा चुका है। अधिक्षण अभियंता ने बताया कि चारागाह में 2500 पौधे लगाये गए है जिनमें 2000 पौधे उद्यानिकी व 500 पौधे वानिकी के हैं। कार्यक्रम में राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्व निर्मित उत्पादों की स्टॉल लगायी गयी। जिनमें महिलाओं ने स्वनिर्मित अगरबत्ती, हैंडीक्राफ्टस ब्यूटी प्रोड्क्ट्स व खाद्य उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी। समूह की महिलाओं द्वारा बताया गया कि वाटरशेड डिपार्टमेंट के द्वारा टी वन व टी टू के तहत रिवॉल्वंग फण्ड दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान विराटनगर एसडीएम कपिल उपाध्याय, तहसीलदार लालाराम यादव व अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

महिला व बालिका हिंसा को रोकने के लिए जागरूक किया

- **जेंडर समानता को बढ़ाने के लिए सेवा प्रदाताओं की बैठक**

निवाई। सिकोईडीकोन संस्था के तत्वावधान में सदर पुलिस थाना परिसर में जेंडर पर आधारित हिंसा को समाप्त करने व जेंडर समानता को बढ़ाने हेतु सेवा प्रदाताओं के साथ ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

शाखा प्रभारी अनीता शर्मा ने बताया कि 10 दिसंबर तक जेंडर आधारित शिक्षा को समाप्त करने व जेंडर समानता को बढ़ाने हेतु अभियान चलाया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत स्तर पर विद्यालय में बच्चों व समुदाय तथा जनप्रतिनिधियो के साथ बैठके आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। महिलाओं एवं बालिकाओं पर होने वाली हिंसा को रोकने के लिए समुदाय को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद ने महिलाओं पर होने वाली हिंसा एवं उसकी रोकथाम के लिए किए जाने वाले प्रयासों की जानकार दी एवं जेंडर समानता को बढ़ाने के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों में भागीदारी निभाने के लिए आश्वस्त किया।

अर्जुनदेव बैरवा ने महिलाओं पर होने वाली हिंसा पर चर्चा करते हुए बताया कि शारीरिक हिंसा के साथ मानसिक और आर्थिक हिंसा की रोकथाम में महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र व पुलिस प्रशासन की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं।

महिला सलाह सुरक्षा केंद्र से सुनीता शर्मा व एडवोकेट नीतूसिंह विजय ने महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र द्वारा महिलाओं के लिए दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी। हेड कांस्टेबल गजराज सिंह, अनिल कुमार, लक्ष्मी नागरवाल, राजेश कुमार, रामनरेश व दिनेश कुमार ने भी विचार व्यक्त किए।

सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम

टोंक। राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' की थीम पर 25 दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों का भव्य आयोजन होगा। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि बुधवार, 10 दिसम्बर को राज्य स्तरीय प्रवासी राजस्थान दिवस के साथ इन कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। जिसके तहत ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी, व्यापार प्रोत्साहन नीति, निजी औद्योगिक पार्क योजना के लिए नीति, सेमीकण्डक्टर पॉलिसी, एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस पॉलिसी, व्हीकल स्क्रैपिंग नीति, ट्रांजिट ऑरियन्टेड डवलपमेंट पॉलिसी, ग्रीन ग्रोथ क्रेडिट पॉलिसी व आयुष नीति का विमोचन किया जाएगा। इसी प्रकार 11 दिसम्बर को एनआरआर चैप्टर्स के साथ संवाद आयोजित होगा। 12 दिसम्बर को बदलता राजस्थान बढता राजस्थान के तहत विधानसभा क्षेत्रों के लिए रथों की रवानगी की जाएगी, साथ ही नवाचार दिवस (कॉन्क्लेव) के तहत स्टार्ट अप कॉन्क्लेवध्आई स्टार्ट कार्यक्रम, राजस्थान वेंचर कैपिटल फण्ड का शुभारम्भ किया जाएगा। इसी प्रकार 13 दिसम्बर को 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान का शुभारम्भ होगा व 14 दिसम्बर को स्वच्छता कार्यक्रम के तहत मंदिरों, स्मारकों आदि को साफ-सफाई, स्वच्छ भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित होगें। 15 दिसम्बर को राज्य स्तरीय समारोह (मुख्य आयोजन एवं लाभार्थी सम्मेलन) आयोजितं। इसी प्रकार 16 दिसम्बर को जिला स्तर पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ एवं राजकीय कार्यालयों में एक घण्टे का साफ-सफाई अभियान, 17 दिसम्बर को सात दिवसीय ग्रामीण एवं शहरी सेवा फोलोअप शिविरों का शुभारम्भ, 18 दिसम्बर को महिला सम्मेलन, 19 दिसम्बर को किसान सम्मेलन पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत मिशन लाइफ के अंतर्गत जागरूकता अभियान, नमो नर्सरियों में बीज रोपण, 24 दिसम्बर को पर्यटन कॉन्क्लेव हवेलियों से हरियाली (इको-ट्यूरिज्म) के तहत नई पर्यटन नीति व फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति का विमोचन किया जायेगा।

पावटा शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल

- **एक माह पूव थाना प्रभारी कश्मीर सिंह के कार्यकाल में यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला था। उनकी नियमित गश्त के चलते लोगों को जाम से काफी हद तक राहत मिली थी, उनके तबादले के बाद एक बार फिर जाम की समस्या हो गई**

पावटा। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दिनों-दिन बदतर होती जा रही है। मुख्य सड़कों पर रोजाना लगने वाले जाम से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह और शाम के समय जाम की स्थिति और भी भयावह हो जाता है, जिससे कार्यालय जाने वाले कर्मचारी, स्कूली बच्चे और आम नागरिक घंटों जाम में फंसे रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों के किनारे अव्यवस्थित तरीके से खड़ी गाड़ियां और टोटो चालक कहीं भी वाहन रोककर सवारी उतारने-चढ़ाने की प्रवृत्ति इस समस्या को और गंभीर बना रही है। बाजार इलाकों में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं, जहां पैदल चलने तक की जगह नहीं बचती।

शहर की सड़कों पर पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं होने के कारण जाम को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। कई बार एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। हालात ऐसे हैं कि कुछ ही देर में सड़क पर चलना तो दूर, पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। गौरतलब है कि करीब एक माह पूर्व रहे थाना प्रभारी कश्मीर सिंह के कार्यकाल में यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला था।

उनकी नियमित गश्त और सख्ती के चलते लोगों को जाम से काफी हद तक राहत मिली थी, लेकिन उनके तबादले के बाद एक बार फिर जाम की समस्या जस की तस लौट आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी नजर नहीं आ रही, जिससे अराजक स्थिति बनती जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से यातायात व्यवस्था सुधारने, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने और प्रमुख चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की है। यदि पुलिस द्वारा नो-पार्किंग, अतिक्रमण हटाने और गलत तरीके से खड़े वाहनों पर सख्ती की जाए, तो जाम की समस्या से राहत मिल सकती है। लोगों ने याद दिलाया कि पूर्व थाना प्रभारी कश्मीर सिंह लगातार यही प्रयास करते थे, जिससे कस्बे को जाम से कुछ हद तक निजात मिली थी। अब कस्बेवासियों की मांग है कि नव नियुक्त थाना प्रभारी भी यातायात व्यवस्था को गंभीरता से लें और ठोस कदम उठाएं, ताकि पावटा को एक बार फिर जाम की समस्या से राहत मिल सके।

कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

टोंक। अग्रवाल धर्मशाला में बुधवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें देश भर से आए अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश सिंह तोमर ने वर्तमान सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि 2005 के बाद कर्मचारियों को पेंशन नहीं है, जनप्रतिनिधियों को हर बार की पेंशन मिलती है, उन्होने बताया कि दलितों पर राजस्थान में ही नहीं, देश में कहीं भी अत्याचार हो रहा है तो सगठन द्वारा जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक को चेतायेगें। इसी क्रम में आगे बैरवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदयाल बैरवा ने कहा राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन राजस्थान में कमजोर है, इसे मजबूत करने की जरूरत है, इसका कार्ड लेकर जब कोई थाने, प्रशासन के पास जाता है तो कोई वैल्यू नहीं समझता, इसलिए संगठन को मजबूत करें, आज भी दलितो द्वारा मूंछ रखने पर मर्डर तक किया जा रहा है।

कैदियों को जेल में रहते हुये बेहतर बनाने का आव्हान

कोटपूतली । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार दिसम्बर माह के एक्शन प्लान को लेकर बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष शिवानी सिंह की अध्यक्षता में जिला कारागृह में विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर एडीजे प्रथम डॉ. राजेश कुमार, एडीजे चतुर्थ डॉ. सुरेश कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डिम्पल जंडैल आदि भी मौजूद रहे। जिला जज शिवानी सिंह ने कैदियों को मानवाधिकार के इतिहास एवं महत्व के बारे में बताया। एडीजे प्रथम डॉ. राजेश कुमार ने कैदियों को जेल में रहते हुये स्वयं को बेहतर बनाने की बात कही। एडीजे चतुर्थ डॉ. सुरेश कुमार ने कैदियों को जेल में रहते हुये शिक्षा प्राप्त करने पर जोर दिया। सचिव डिम्पल जंडैल ने

कोटपुतली जिला कारागृह में विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता शिविर का आयोजन किया ।

कैदियों के हित में किए गए कार्यो को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जेल में निरूद्ध एक दिव्यांग कैदी को जयपुर फुट लगवाया एवं अन्य आर्थिक रूप से कमजोर कैदियों को प्राधिकरण की ओर से निःषुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करवाई गई। वहीं कैदियों को उनसे जुड़े अधिकारों के प्रति जागरूक किया। वहीं दुसरी ओर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोपालपुरा में एडीजे तृतीय अंजुम खान की अध्यक्षता में षिविर का आयोजन हुआ। जहां एडीजे तृतीय अंजुम खान ने विधार्थियों को मानव अधिकारों के महत्व के बारे में बताया। उन्होनें विधार्थियों को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग होने हेतु प्रेरित किया। सचिव डिम्पल जंडैल द्वारा विधार्थियों को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाए गए अभियान सार्वजनिक उपयोगिता सेवा के बारे में भी बताया। जिसके तहत किसी भी प्रकार की सार्वजनिक समस्या के लिए लोग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सम्पर्क कर सकते है। सिविल न्यायाधीष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा धानिया ने विधार्थियों को मानव के रूप में अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हुये अपने कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। जिससे वे एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैं राजेन्द्र कट्टा सार्वजनिक रूप से घोषित करता हूँ कि मेरा पुत्र प्रखर कट्टा मेरे कहने में नहीं है तथा आये दिन मेरे साथ अभद्र तथा गलत व्यवहार एवं झगड़ा करता है इस कारण मै मेरे पुत्र प्रखर कट्टा से अब कोई पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक या कानूनी संबंध नही है। हमारी समस्त चल व अचल सम्पतियों के संबंध में या अन्य कोई लेन देन, ऋण अथवा संव्यवहार आदि करेगा तो वह अवैध, अमान्य एवं शून्य होगा और इसके लिये वो स्वयं जिम्मेदार होगा, और उसके कार्यो के लिये मैं जिम्मेदार नही रहूंगा।

भवदीय
राजेन्द्र कट्टा पुत्र स्वर्गीय श्री भगवान सहाय कट्टा
निवासी बी-26, विजय बारी, पथ नं. 7, सीकर रोड, तीन दुकान एरिया, जयपुर मोबाईल -9829012581
जयपुर दिनांक 10/12/2025

आम सूचना
मकान नं. 1275 हनुमानजी के मंदिर के पास, चांदपोल बाजार, जयपुर मेरे अभिभाष्य डॉ. न्याय व्रत पुत्र आचार्य कल्याण शर्मा के स्वामित्व व कब्जे की सम्पत्ति है। किसी भी व्यक्ति द्वारा अनाधिकृत अतिक्रमण करने पर उसके खिलाफ आपराधिक कानूनी कार्यवाही की जावेगी।
अशोक देवानी, एडवोकेट, मो. 9829064041

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक: F-JDA/Zone 14/2025/D-126 — आम सूचना
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 269395 दिनांक 30/11/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

क्र. सं.	आवेदक का नाम	मृत आवंटी/लीजधारक का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल	ग.नि.क. सं./निर्माण सोसाईटी/योजना	योजना का नाम	सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
1.	Mabesh Chand Meena S/o Ramkripal Meena	डॉ. बाबू लाल	452	266.66 Sq.yard	Private	Sanganer Officers Campus Vistar Part I Sector/ Block-A	Name Transfer	निर्धारित शुल्क, शपथ पत्र, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, मृ.नि.प्र.-450

होल्डिंग 266.66 व. गज, लीजडीड क्रमांक 2600 दिनांक 24.03.11 द्वारा डॉ. बाबूलाल जाटावत पुत्र श्री जीवन लाल जाटावत तहसील तौरावटी विक्रय पत्र दिनांक 12.09.13 एवं 12.05.23 के आधार पर
उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, व्यक्ति एवं संस्था को आपत्ति है तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की विधानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।

कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम जयपुर
(नई विधानसभा के पास, लालकोठी, जयपुर)
क्रमांक-एफ(.)/न.नि.ज./मा.न.जोन/2025/2668 दिनांक-9.12.2025
सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर के द्वारा भूखण्ड संख्या 105बी, विजय नगर ए करतारपुरा जयपुर गुलाबबाड़ी गृ.नि. सहकारी समिति जयपुर का पट्टा विलेख जिसका कुल क्षेत्रफल 198.05 वर्गगज का श्री मुन्ना लाल गर्ग पुत्र स्व. श्री रामविलास गर्ग के नाम से 08.05.2002 को जारी किया गया है। मूल पट्टेधारी श्री मुन्ना लाल गर्ग पुत्र स्व. श्री रामविलास गर्ग की मृत्यु दिनांक 10.01.2023 एवं आवेदक की बहन श्रीमती मधु मित्तल की मृत्यु दिनांक 11.05.2019 को हो चुकी है। मूल पट्टेधारी श्री मुन्ना लाल गर्ग पुत्र स्व. श्री रामविलास गर्ग की मृत्यु पश्चात इनके शेष वारिसानों (सज़रा अण्डरटेकिंग के आधार पर) के द्वारा दिनांक 26.11.2024 को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र आवेदक श्री अनिल कुमार गर्ग पुत्र स्व श्री मुन्ना लाल गर्ग के पक्ष में किया गया है। आवेदक श्री अनिल कुमार गर्ग पुत्र स्व. श्री मुन्ना लाल गर्ग के द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र, शपथ पत्र-सज़रा (अण्डरटेकिंग), रजिस्टर्ड पट्टा, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति के आधार पर भूखण्ड संख्या 105बी, विजय नगर ए करतारपुरा जयपुर गुलाबबाड़ी गृ.नि. सहकारी समिति जयपुर का नाम हस्तान्तरण श्री अनिल कुमार गर्ग पुत्र स्व. श्री मुन्ना लाल गर्ग के पक्ष में किया जाना है। इस नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त मालवीय नगर जोन नगर निगम जयपुर) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त, मालवीय नगर जोन, नगर निगम, जयपुर

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय पारिवारिक न्यायालय क्र.सं. 1 जयपुर महानिगर
ममता विरुद्ध महेन्द्र
वाद/प्रार्थना पत्र 13 HMD
प्रार्थना-पत्र संख्या-891/24 सन्
नाम महेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र स्व. ओकार दत्त जाति...पता 225, जयपुर पुलिस थाना करणी विहार
उक्त प्रार्थिया ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 20 माह 02 सन् 2026 को ... पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 08 माह 12 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
आज्ञा से-वरिष्ठ मुन्सरिम
पारिवारिक न्यायालय क्रम-1
जयपुर महानगर प्रथम
मोहर अदालत

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 13/25
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम ग्यारसी देवी पत्नी जगदीश जाति गुर्जर निवास स्थान चतरपुरा देवीपुरा तहसील शाहपुरा जिला जयपुर
मृतक राजूराम पुत्र जगदीश गुर्जर चतरपुरा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 20.12.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम कालूराम पुत्र जगदीश जाति गुर्जर निवासी चतरपुरा का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 20 माह 12 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 09 माह 12 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से-(ललिता शर्मा)
अपर जिला न्यायाधीश सं.1
शाहपुरा (जयपुर जिला राज.)
मोहर अदालत

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण अभिताभ पत्नी श्री जगदीश गुर्जर, संतरा पत्नी श्री गणेश गुर्जर, सीमा देवी पत्नी श्री सुरेश गुर्जर, निवासीगण-गाजी बाबा की ढाणी, गुर्जरी की तलाई, सांगानेर जयपुर व श्री ओमप्रकाश चौधरी पुत्र श्री गोपाल चौधरी, निवासी मांगवास, सांगानेर जयपुर के मध्य एक रसीद दिनांक 11.06.2025 को आराजी खसरा नम्बर 535/81, 538/85,541/116, 543/83/82 कुल खस